तेरे होते श्याम सांवरे डूब रहा कैसे मजधार लिरिक्स

तेरे होते श्याम सांवरे,
डूब रहा कैसे मजधार,
तू ही गर समझेगा पराया,
कौन बनेगा खेवनहार,
तेरे होते श्याम साँवरे,
डूब रहा कैसे मजधार।bd।

tere hote shyam sanware lyrics

तर्ज – कस्मे वादे प्यार वफ़ा।

देखे – नैया है मझधार श्याम इसे।

मेरी मज़बूरी को समझना,
सबके बस की बात नहीं,
किसको सुनाऊँ दर्द मैं अपना,
गैर है सब कोई ख़ास नहीं,
सहते हुए ही तुझको पुकारूँ,
आ जाओ लीले असवार,
तेरे होते श्याम साँवरे,
डूब रहा कैसे मजधार।bd।

मेरी तमन्ना छोटी सी है,
करने की दीदार तेरा,
तेरे बस सबकुछ बाबा,
खुद पर ना अधिकार मेरा,
छोड़ी मैंने तेरे भरोसे,
जो भी बची है सांसे चार,
तेरे होते श्याम साँवरे,
डूब रहा कैसे मजधार।bd।

'राजू' रह ले श्याम शरण में,
इससे बड़ी ना है सरकार,
लाखो तर गए इस चौखट से,
तू भी हो जाएगा पार,
फिर तू कहेगा श्याम के रहते,
नहीं डूबा कोई मजधार,
Bhajan Diary Lyrics,
तेरे होते श्याम साँवरे,

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

डूब रहा कैसे मजधार।bd।

तेरे होते श्याम सांवरे,
डूब रहा कैसे मजधार,
तू ही गर समझेगा पराया,
कौन बनेगा खेवनहार,
तेरे होते श्याम साँवरे,
डूब रहा कैसे मजधार।bd।

Singer / Lyrics – Rajendra Agrawal

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com